# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–20.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ किया बजट पूर्व परामर्श झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी हुए शामिल, कल जीएसटी काउंसिल की बैठक।**
2. **केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने झारखंड समेत पूर्वोत्तर राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया बल।**
3. **राज्य के श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने की स्किल डेवलपमेंट सोसाइटी की समीक्षा, युवाओं में वैश्विक स्तर का कौशल विकसित करने पर दिया जोर।**
4. **रांची पुलिस ने इव टीजिंग के खिलाफ शुरु किया अभियान, पैदल मार्च कर छात्राओं को किया जागरुक, सुरक्षा का दिलाया भरोसा।**
5. **जमशेदपुर में आयोजित छह दिवसीय एनटीपीसी सीनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप का हुआ भव्य समापन, तीरंदाजों ने बनाये कई रिकार्ड।**

***************

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने आज राजस्थान के जैसलमेर में विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट–पूर्व परामर्श किया। बैठक में झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और विभागीय सचिव प्रशांत कुमार शामिल हुए। उन्होंने झारखंड का पक्ष मजबूती के साथ रखा। श्रीमती सीतारामन कल जैसलमेर में ही जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगी। इस बैठक में भी श्री किशोर शामिल होंगे।

***************

केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज कोलकाता में कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत देश में छह लाख 30 हजार सौर कनेक्शन लगाए गए हैं। श्री जोशी ने इस योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और पूर्वोत्तर राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सूर्य घर योजना एक महत्वपूर्ण सरकारी योजना है और इसके तहत बिजली सस्ती पड़ती है।

***************

राज्य के श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कौशल विकास के जरिये युवाओं को हुनरमंद बनाने पर जोर दिया है। रांची में स्किल डेवलपमेंट सोसाइटी की समीक्षा करते हुए श्री यादव ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। श्रम मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का हरसंभव प्रयास कर रही है।

***************

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन हंगामे के बीच एक राष्ट्र– एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक संसद की संयुक्त समिति के पास भेजे गए। संसद का शीतकालीन सत्र पिछले महीने की 25 तारीख को शुरू हुआ था। इस बीच झामुमो सांसद महुआ माजी ने कहा कि हम इस सत्र में बहुत उम्मीद लेकर आए थे कि जनता के मुद्दे उठाएंगे लेकिन जब सदन नहीं चलता तो बहुत निराशा होती है। इधर, भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस के हंगामे के कारण सदन के भीतर जनसरोकार के मुद्दों पर पर्याप्त चर्चा नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब बाबा साहब की तुलना राहुल गांधी से कर रहे हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

***************

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राज्य के चार जिलों रामगढ़, हजारीबाग, गुमला और सिमडेगा में सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान अगले वर्ष 18 मार्च तक चलेगा। अभियान के नोडल ऑफिसर डॉक्टर कमलेश कुमार ने आकाशवाणी से बातचीत करते हुए कहा कि पंचायतों को टीबी मुक्त करके ही देश को टीबी मुक्त किया जा सकता है।

***************

रांची में इव टीजिंग के मामलों को लेकर पुलिस ने जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी पर काम करना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में रांची पुलिस ने आज शहर के सभी थाना क्षेत्र में महिला कॉलेज और हॉस्टल के आसपास मार्च किया। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने कहा कि ईव टीजिंग से जुड़े मामलों पर पुलिस त्वरित कार्रवाई कर रही है।

***************

गिरिडीह जिले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए आज जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में केन्द्र और राज्य के कई अधिकारी शामिल हुए। उपायुक्त नमन प्रियेस लकड़ा ने बताया कि गिरिडीह में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 32 हजार लोगों ने अपना निबंधन कराया है।

***************

पलामू जिले में राज्य सरकार की साइकिल वितरण योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।

***************

जमशेदपुर के बिष्टुपुर गोपाल मैदान में आयोजित एनटीपीसी सीनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप आज संपन्न हो गया। इस चैंपियनशिप में 42 राज्यों और यूनिट के 900 खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारतीय आर्चरी टीम की कोच और झारखंड आर्चरी एसोसिएशन की सचिव पद्मश्री पूर्णिमा महतो ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कई रिकॉर्ड बने हैं। मौके पर मौजूद आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि शिक्षा के साथ ही खेल के क्षेत्र में भी आज के बच्चे नया मुकाम हासिल कर रहे हैं।

***************

जमशेदपुर पुलिस ने एक हत्याकांड के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिले के एसएसपी किशोर कौशल ने पत्रकारों को बताया कि 16 दिसंबर को कदमा थाना क्षेत्र में प्रेमलाल भगत नामक एक युवक की हत्या कर दी गयी थी। उन्होंने बताया कि हत्याकांड में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किये गये हैं। उधर, गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के खंडौली में छापेमारी कर पुलिस ने तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

*******समाप्त*******